ग्रेगरी के टांके
जूडिथ

ग्रेगरी के टांके

जूडिथ

एक दिन

ग्रेगरी के साथ एक भयानक हादसा हुआ.

उसे डॉक्टर के पास जाना पड़ा और उसके माथे पर छह टांके लगे.

तीन नहीं.

चार नहीं.

पूरे छह!

डॉक्टर के क्लिनिक से बाहर,

ग्रेगरी को अपना दोस्त जॉन दिखा.

"क्या हुआ?" जॉन ने पूछा.

"मैं अपनी साइकिल से गिर गया!" ग्रेगरी ने कहा.

जॉन, डेविड से मिला. "तुम्हें पता है, क्या हुआ?" उसने कहा.

"एक कुत्ते ने ग्रेगरी का पीछा किया और फिर वो अपनी साइकिल से गिर पड़ा. फिर उसके माथे पर छह टांके लगे."

डेविड यह खबर माइकल को बताने के लिए तेजी से दौड़ा.

"क्या तुमने ग्रेगरी के एक्सीडेंट के बारे में सुना?" उसने पूछा.

"एक कुत्ता, छोटी बिल्ली के बच्चे का पीछा कर रहा था. ग्रेगरी बच्चे को बचाने के लिए पेड़ पर चढ़ रहा था जब वो गिर गया और फिर उसके माथे पर छह टांके लगे!"

यह सुनकर माइकल तुरंत फ़्रेडी के पास भागा.

"क्या तुम्हें पता है?" माइकल ने पूछा.

"जब ग्रेगरी एक बिल्ली को बचाने की कोशिश कर रहा था तब एक बड़े कुत्ते ने उस पर हमला किया. उससे ग्रेगरी के माथे पर छह टांके लगे!"

फ्रेडी ने अल्बर्ट को इन शब्दों में वो घटना बताई.

"ग्रेगरी एक बिल्ली के बच्चे को बचा रहा था जो चिड़ियाघर में जंगली कुत्तों के पिंजरे में गिर गया था. फिर ग्रेगरी के माथे पर छह टांके लगे!"

अल्बर्ट ने जिमी को यह बताया.

"तुमने सुना, अपने ग्रेगरी के साथ क्या हुआ? वो अपने माता-पिता के साथ चिड़ियाघर गया जब एक खूंखार शेर ने उस पर हमला किया. फिर ग्रेगरी के माथे में छह टांके लगे!"

जिमी अपनी दोस्त जेनी को यह खबर सुनाने का इंतजार नहीं कर सका.

"तुम्हें पता है ग्रेगरी ने क्या किया! उसने अपने माता-पिता को चिड़ियाघर में कुछ आदमखोर शेरों द्वारा मारे जाने से बचाया. उससे उसके माथे पर छह टांके लगे!"

फिर हर कोई जो ग्रेगरी को जानता था,

वो ग्रेगरी के घर उससे मिलने पहुंचा.

ग्रेगरी घर पर ही था. उसके माथे पर एक बड़ा बैंड-एड चिपका था.

उसके दोस्तों ने उसे देखा.
"ग्रेगरी! तुम वाकई में असली
बहादुर हो! तुम एक असली
हीरो हो!" उन्होंने कहा.

अब ग्रेगरी को माथे पर लगे टांके
इतने भयानक नहीं लग रहे थे.

समाप्त